

## एक नजर में

### घरों सहित नलकूपों के लिए जा रहे सेंपल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन में ग्राम धजरई की आंगनबाड़ी केंद्र अ में ग्राम की महिलाओ को एफटीके का प्रशिक्षण दिया गया एवं पेयजल सप्लाई के अलावा घरों के नलकूपों के सेंपल लिये गये।**

पीएच टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, क्लोराइड टेस्ट, जल की कठोरता सम्बन्धी टेस्ट कराये गये, जिनके परिणाम स्वीकार मानक अंतर्गत प्राप्त हुये। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग से अखिलेश राय बीसी, राकेश मिश्रा पीएमयू एवं आगँनवाडी कार्यकर्ता रेखा देवी लोधी, सहायका बसंती रैकवार, सीएचओ रश्मि लोधी, सविता लोधी मुस्कान अली, आराधना लोधी, राधा लोधी, राधारानी लोधी उपस्थित रहीं। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन में ग्राम धजरई की आंगनबाड़ी केंद्र अ में ग्राम की महिलाओ को एफटीके का प्रशिक्षण दिया गया एवं पेयजल सप्लाई के अलावा घरों के नलकूपों के सेंपल लिये गये। पेयजल को लेकर पीएचई विभाग निरंतर सक्रिय दिखाई दे रहा है।सेंपल लिए जा रहे है।

# सैकड़ों एकड़ गोचर भूमि पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा


**अतिक्रमण की भूमि मुक्त कराने की गई लिखित शिकायत**

**अधिवक्ता शिखा तिवारी बोलीं नहीं हो रही कार्यवाही**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन प्रशासन द्वारा जिलेभर की ग्राम पंचायतों में गौचर भूमि मबेशियों के भरण पौषण के लिए आवंटित की गई है। जिससे गौवंश अपना भरण पौषण आसानी से कर सके। लेकिन अधिकांश गौचर भूमियों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे मबेशियों को अपना पेट भरने में परेशानी हो रही है और गौवंश भूख के मारे दम तोड़ रहे है। जिसका जीता-जागता उदाहरण लिधौरा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत विजरौठा में देखने को मिल रहा है। यहां सैकडों एकड़ शासकीय जमीन पर कई वर्षो से अतिक्रमण किया जा चुका है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी की गई थी । सोमवार को अधिवक्ता शिखा तिवारी ने जिला प्रशासन से की है।**

अधिवक्ता द्वारा की गई शिकायत में बताया गया है कि लिधौरा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजरौठा में सौ एकड़ गौचर भूमि है। जिस पर गांव के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर लिया है। यह व्यक्ति उक्त जमीन को खेती में उपयोग कर रहे है। अधिवक्ता शिखा तिवारी ने बताया कि पहले भी मेरे द्वारा इस मामले की शिकायत की गई थी लेकिन आज दिनांक तक प्रशासन द्वारा इस ओर ना तो कोई ध्यान दिया गया और ना ही किसी अधिकारी ने मौके पर जाना उचित समझा। जिसके चलते कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद है।

अधिवक्ता शिखा तिवारी ने बताया कि गांव के लोगों का कहना है कि उक्त जमीन के हम ग्रामीणों ने सरकार को पैसे दे दिए है अब वहां भूमि ग्रामीणों की हो गई है और कब्जाधारी अपनी मनमानी करके गौचर जमीन पर खेती का कार्य करके लाखों रूपए कमा रहे है। ऐसा आरोप शिकायत पत्र में शिखा तिवारी ने कब्जाधारियों पर लगाया है। उन्होनें जिला प्रशासन से इस मामले में ध्यान देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।



1:24

शिकायत का विवरण

शिकायत का विवरण


शिकायत क्रमांक : 36153986

शिकायत दिनांक : 01 Jan 2026

विभाग : राजस्व विभाग

उप विभाग : राजस्व विभाग

विवरण : शिकायतकर्ता सिखा तिवारी जी . के द्वारा बताया गया है कि जिला .टीकमगढ तहसील लोधौरा ग्राम - बिजरौठा अतिक्रमणकर्ता का नाम अनिल तिवारी ,सूर्यकान्त तिवारी ,रामलू कुशवाहा ,लखन कुशवाहा ,ब्रजगोपाल तिवारी अन्य , स्थान बिजरौठा द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण अवैध कब्ज़ा किया जा रहा है। जिससे काफी समस्या आ रही है कृपया समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। आवेदक द्वारा बताया जा रहा ही की आवेदक ने तहसीलदार के कहने पर शिकायत को बंद करवा दिया था जिसका शिकायत क्र 28745430





### मकान बनाकर कर लिया कब्जा

अधिवक्ता शिखा तिवारी ने शिकायत करते हुए बताया की लिधौरा तहसील के ग्राम विजरौठा में लगभग 100 एकड़ गौचर भूमि है। इस भूमि पर गांव के ही अनिल तिवारी, रमलू कुशवाहा, वृजगोपाल तिवारी,लखन कुशवाहा तथा सूर्यकांत द्वारा मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही इन्ही लोगों द्वारा गौचर भूमि पर किसानी का कार्य किया जा रहा है। कई वार 181 पर शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है मगर एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होनें जिला प्रशासन से इस समस्या पर ध्यान देने की बात कही है।

### गर्रोली में तथाकथित लोग जमीन पर काबिज

अधिवक्ता शिखा तिवारी ने प्रशासन को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि विजरौठा के अलावा जतारा तहसील क्षेत्र के ग्राम गर्रोली में लगभग 200 एकड़ गौचर भूमि है जिस पर वहां के कुछ तथाकथित लोगों द्वारा कई वर्षो से कृषि का कार्य किया जा रहा हैऔर गौवंश दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। उन्होनें बताया कि विजरौठा के अलावा गर्रोली की गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। जिससे पशुओं को सहारा मिल सके। उन्होनें बताया कि विश्व हिन्दू परिषद, गौ-रक्षा इकाई द्वारा गौचर भूमियों का सर्वे कराया गया था। इसके बाद भी गौचर भूमियों पर अतिक्रमण की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### 26 जनवरी के बाद होगी कार्रवाई



इस पूरे मामले की शिकायत पर जब एसडीएम जतारा संजय दुबे से बात की तो उनका कहना है कि मामले की शिकायत के पहले ही लिधौरा में 50 एकड़ भूमि से कब्जा हटाया जा चुका है। शेष अतिक्रमण की जो शिकायत हुई है उसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। 26 जनवरी के बाद अवैध रूप से भूमियों के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

# मौसम विभाग ने जताई बूंदाबांदी की संभावना



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सोमवार की सुबह मौसम में हल्का बदलाव देखा गया। आसमान में हल्के बादल छाए रहे और हवा भी चलती रही। रविवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है।**

जनवरी के पहले सप्ताह में क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ी थी, जब न्यूनतम तापमान 4 डिग्री और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। 9 जनवरी से मौसम में आए बदलाव के बाद से दिन और रात के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। किसानों के अनुसार, फसलों के लिए अभी भी ठंड का मौसम आवश्यक है। किसान रामकुमार यादव ने बताया कि गेहूं की फसल के लिए 15 से 20 दिन की ठंड जरूरी है। यदि दिन के तापमान में अधिक वृद्धि होती है, तो फसलों को अधिक पानी की आवश्यकता होगी और गेहूं का दाना भी पतला हो सकता है।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस था। तापमान बढ़कर 27.5 डिग्री सेल्सियस हो गया, जबकि न्यूनतम तापमान घटकर 11.02 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कृषि वैज्ञानिक योग रंजन ने बताया कि अधिक गर्मी पड़ने से सरसों की फसल में माहू लगने की संभावना बढ़ जाती है।

# हार्टफुलनेस थीम पर निकाली साइकिल यात्रा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र एवं हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र टीकमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में संडे ऑन साइकिल वाई हार्टफुलनेस थीम पर आयोजन किया गया।**

हार्टफुलनेस संस्थान के जिला समन्वयक नितिन कुमार बबेले द्वारा बताया गया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर भारत सरकार द्वारा फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण एवं हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा साइकिल यात्रा का आयोजन विभिन्न मार्गो पर किया गया। यह आयोजन भारत में लगभग 1.9 लोकेशन पर एवं 23 लाख साइकिलों के द्वारा किया जाएगा। शहर में साइकिल यात्रा का शुभारंभ साईं ट्रेनिंग सेंटर गंजी खाना फील्ड से शुरू किया गया। इसके उपरांत यात्रा पुराना बस स्टैंड, गांधी चौराहा, घंटाघर स्टेट बैंक चौराहा, पपौरा चौराहा, ताल दरवाजा शक्ति टॉकीज, बानपुर दरवाजा, कटरा बाजार, लुकमान चौराहा, मिश्रा चौराहा अस्पताल चौराहा, चकरा तिगैला होते हुए वापस साईं ट्रेनिंग सेंटर में समापन हुआ।

# सड़क सुरक्षा के तहत वाहन चेकिंग अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिले में एक संगठित एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस वर्ष की राष्ट्रीय थीम सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा के अनुरूप अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा सुरक्षित, अनुशासित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार को जन-आंदोलन का स्वरूप देना है।**

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस अभियान को स्कूलों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों एवं मार्गों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए, ताकि प्रत्येक वर्ग तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचे।

अभियान के अंतर्गत जिले भर में यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पहल दंडात्मक कार्यवाही के स्थान पर सकारात्मक प्रोत्साहन के माध्यम से नागरिकों में यातायात अनुशासन विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

# विधायक फूलसिंह का भाजपाइयों ने फूंका पुतला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के खिलाफ प्रदर्शन किया। सिविल लाइन रोड स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने बरैया का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन महिलाओं के प्रति उनकी कथित अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में किया गया।**



भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल थे। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने महिलाओं के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी बयान के विरोध में और महिलाओं के सम्मान में यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा, कांग्रेस के ये विकृत मानसिकता वाले नेता महिलाओं के लिए ऐसी सोच रखते हैं।

# क्षतिग्रस्त पुलिया बनने से मिली सुविधा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। एनएच द्वारा सागर-टीकमगढ़ हाईवे मार्ग पर बसगोई के पास पुलिया को बना दिया गया है। क्षतिग्रस्त पुलिया बन जाने से आमजन को आवागमन में समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।**

ज्ञातव्य है कि सोशल मीडिया के माध्यम से सागर-टीकमगढ़ हाईवे मार्ग पर बसगोई के पास पुलिया के सोल्डर क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संज्ञान में लेते हुए एनएच के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए तथा सुरक्षात्मक मार्किंग करते हुए पुलिया सोल्डर सुधार का कार्य किया गया। एनएच द्वारा सागर-टीकमगढ़ हाईवे मार्ग पर बसगोई के पास पुलिया को बना दिया गया है। क्षतिग्रस्त पुलिया बन जाने से आमजन को आवागमन में समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# अस्तोन एवं आहार में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसकों लेकर ग्राम पंचायत अस्तोन और आहार मंडल में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति को संजोए रखना और आपसी एकता को बढ़ावा देना है।**





सम्मेलन की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें कई साधु-संतों ने भाग लिया। कुटी सरकार सहित अन्य संतों ने भी इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन में वक्ताओं ने लोगों को भारतीय संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने वैदिक काल से चली आ रही हिंदू संस्कृति के पारंपरिक और महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में सभी समाजों के लोग मिलकर भंडारे में भोजन करके सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। संघ के जिला कार्यवाह शिरीष मिश्रा ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में कुल 66 मंडल और 24 बस्तियों में ऐसे हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में विभिन्न स्थानों पर और कार्यक्रम होंगे। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसकों लेकर ग्राम पंचायत अस्तोन और आहार मंडल में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति को संजोए रखना और आपसी एकता को बढ़ावा देना है।संघ के जिला कार्यवाह शिरीष मिश्रा ने बताया कि जिले में कुल 66 मंडल और 24 बस्तियों में ऐसे हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

# खेलो एमपी में चल रहीं प्रतियोगिताएं

**जिले में संचालित युवा जोड़ो अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशा, अपराध एवं सामाजिक कुरीतियों से दूर रखते हुए खेल, शिक्षा एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके चलते खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025 का ब्लॉक स्तरीय आयोजन विकासखंड स्तर पर किए जा रहे है।**

इसीक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा टीकमगढ़ पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025 का ब्लॉक स्तरीय आयोजन विकासखंड जतारा, पलेरा, बल्देवगढ़ एवं टीकमगढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महोत्सव के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता के विकास का अवसर प्रदान किया।

# बालिकाओं ने किया प्रथम स्थान दर्ज

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुंडेश्वर की अधीक्षिका नीलम यादव की सतत, मेहनत, अनुशासन और बच्चों के प्रति समर्पण का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। ब्लाक एवं जिला स्तर में आयोजित खो खो प्रतियोगिता में कुंडेश्वर छात्रावास की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।**



इसके बाद गत दिवस छतरपुर में आयोजित संभागीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर विद्यालय, छात्रावास एवं जिले को गौरवान्वित किया । यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत के साथ-साथ अधीक्षिका नीलम यादव एवं सहायक अधीक्षिका पूनम जैन के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है इसके साथ छात्रावास की बालिका दीपा यादव का चयन मोगली उत्सव में हुआ है एवं छात्रावास की 10 बालिकाओं का ओलंपियाड में शामिल होना एवं उत्तीर्ण होना छात्रावास के शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल रहा है।

# आज होगी जनसुनवाई

हर मंगलवार की तरह आज भी जनसुनवाई की जाएगी।

## आम इश्तहार

**आम जनता जिला टीकमगढ़ को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण विनीता पुत्री भगवानदास रैकवार आयु 29 साल निवासी- सिंदूर सागर थाना सेंदरी, जिला निवाड़ी मप्र एवं पवन भास्कर तनय लक्ष्मन भास्कर आयु 29 साल निवासी- ढोंगा मैदान पानी की टंकी के पास टीकमगढ़ मप्र मोबाईल नंबर 8009190639 के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1955 के तहत कोर्ट मैरिज ( विवाह ) करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।**

**अत: उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 20-02-26 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। वाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।**

**अपर कलेक्टर**
**एवं विवाह रजिस्ट्रार**
**जिला-टीकमगढ़ (मप्र)**

## बैठक

### पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश

# टीएल की बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह पर विचार-विमर्श

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हर सोमवार की तरह इस सोमवार को भी कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने गणतंत्र दिवस समारोह, संकल्प से समाधान अभियान, मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक, मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता, सहभागिता में आयोजित की जाने वाली बैठकों की तिथि एवं समय निर्धारण, फार्मर रजिस्ट्री, छिर धारा ग्राम योजना, की बैठक में दिए गए निर्देश, आदि कर्मयोगी अभियान,सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण,आयुष्मान भारत योजना, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही , विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**



दरअसल कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सभी निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने निकाय में पेयजल पाईपलाईन का निरंतर निरीक्षण करें एवं यदि कहीं से पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त होती हैं तो तत्काल सुधार की कार्यवाही की जाये। सीएमओ पेयजल सप्लाई के प्रारंभिक बिंदु एवं सभी वार्डों में सप्लाई होने वाले पानी का सैंपल लेकर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी के साथ ही ईईपीएचई को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई के पानी का सैंपल लेकर आखिरी बिंदु तक पहुंचने वाले पानी की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले को स्वच्छ बनाने हेतु सभी सीएमओ नियमित स्वयं निरीक्षण करें एवं फील्ड विजिट कर स्थिति का जायजा लें। कर्मयोगी अभियान, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण,आयुष्मान भारत योजना, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही , विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। टीएल की बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पेयजल व्यवस्था सुचारु रूप से बनाने के निर्देश सभी निकायो के सीएमओ को दिए है।

### यह अधिकारी बैठक में रहे शामिल

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हर सोमवार की तरह इस सोमवार को भी कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में टीएल बैठक हुई। समय सीमा की बैठक में योजनाओं की समीक्षा के दौरान अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह,संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा निशांत भूरिया सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ ( म.प्र. )

क्रमांक/279/प्र.आ.यो./नपा/2025 — **सार्वजनिक सूचना** — दिनांक 19/01/2026

एतद द्वारा नगरीय क्षेत्र के समस्त रहवासियों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के 24 हितग्राहियों का चयन प्रक्रियाधीन है। हितग्राहियों की सूची नगर पालिका परिषद के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | आवेदन क्रमांक | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MP0343405250988 38731 | अभिलाषा साहू | मातादीन साहू | इंदिरा गांधी वार्ड विनोदकुंज चक्र |
| 2 | MP03434122407150 8108 | लाड़कुंवर कुम्हार | | वृन्दावनधाम कालोनी के पास |
| 3 | MP03434112511530 1690 | गीता रावत | भगवानदास मिश्रा | ढोंगा रोड़ टीकमगढ़ |
| 4 | MP03434052519276 3761 | शबाश खान | बसीरुद्दीन खान | विनोदकुंज बगीचा टीकमगढ़ |
| 5 | MP03434092512883 3787 | सहाना बेगम | सगीर | नए बस स्टेण्ड सागर वायपास टी. |
| 6 | MP03434122421436 1480 | उमाशंकर सेन | धर्मदास | गणेशपुरम कालोनी फेस-3 टी. |
| 7 | MP03434122512803 6487 | जुलेखा बानो | शेर खान | वर्मा पैट्रोल पंप के पीछे मऊचुंगी टी. |
| 8 | MP03434012618936 5267 | रुचि | राजकुमार झां | इंदिरा कालोनी टीकमगढ़ |
| 9 | MP03434012617120 8075 | आमिर खान | सलीम खान | सैलसागर मुहल्ला टीकमगढ़ |
| 10 | MP03434022515446 7234 | रेखा साहू | भैयालाल | टीकमगढ़ किला चक्र से डुमरू रोड़ |
| 11 | MP03434012515353 2135 | रजनी झां | | सागर वायपास टीकमगढ़ |
| 12 | MP03434012521720 1573 | तौहीद अंसारी | नफीस अहमद अंसारी | ख्वाजा नगर कालोनी नया बस स्टेण्ड |
| 13 | MP03434012512076 2680 | मंजू पटेरिया | स्व. बाबूलाल रावत | शिवनगर कालोनी मंडी रोड़ टी. |
| 14 | MP03434122413446 1528 | जूली बानो | फैयाद खान | जेल रोड़ के सामने पठला मुहल्ला टी. |
| 15 | MP03434122412003 9168 | रोहित चढ़ार | गोकुल | कृषि कालोनी बैकुंठ के पीछे बैकुंठी |
| 16 | MP03434012513250 8534 | सिमायला खान | | इंदिरा कालोनी टीकमगढ़ |
| 17 | MP03434102520166 1116 | शेख मुर्तजा | शेख मुस्तफा | शेखों का मुहल्ला कोतवाली के पीछे |
| 18 | MP03434092520593 1811 | मुहम्मद सिप्तेन | मुहम्मद बसीर | नया बस स्टेण्ड टीकमगढ़ |
| 19 | MP03434012518186 4215 | कृष्णा बाई लोधी | | नरसिंह कालोनी टीकमगढ़ |
| 20 | MP03434012518630 9492 | सलमान खान | नासिर खान | सिविल लाईन के पीछे टीकमगढ़ |
| 21 | MP03434012518566 8444 | शेख इमरान | शेख इस्माईल | ख्वाजा नगर कालोनी टीकमगढ़ |
| 22 | MP03434032509060 4203 | गजेन्द्र दिवाकर | जगदीश प्रसाद | ढोंगा टीकमगढ़ |
| 23 | MP03434012617280 4636 | शोभना सिंह | कीर्तन सिंह | रोरईया मोहल्ला राजमहल रोड़ |
| 24 | MP03434012515016 9444 | गुड्डो बेगम | मातादीन साहू | खाई मुहल्ला पुराना बस स्टेण्ड |

**उपरोक्त हितग्राहियों के संबंध में दावा आपत्ति दिनांक 20-01-2026 से दिनांक 26-01-2026 तक कार्यलयीन समय में की जा सकती हैं। समय सीमा उपरान्त की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ ( म.प्र. )